## LOK SABHA

*Tuesday, May 9, 1978/Vaisakha 19, 1900 (Saka)*

*The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.*

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

### नई गाड़ियां आरम्भ करना

*1028. **श्री धर्मसिंह भाई पटेल :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1 मार्च, 1978 से देश में 42 नई रेल गाड़ियां चलाई गईं, 27 रेल गाड़ियों को उनके पहिले के अन्तिम स्टेशन से आगे बढ़ाया गया और 78 गाड़ियां की गति बढ़ाई गई ;

(ख) यदि हां, तो गुजरात राज्य के बारे में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में पोरबन्दर-मेहसाना (कीर्ति एक्सप्रेस मेल), बेरावल - अहमदाबाद (सोमनाथ मेल), बेरावल-वीरमग्राम (सौराष्ट्र मेल), लाइनों पर अथवा अन्य लाइनों पर कोई नई गाड़ियां चलाई गई हैं अथवा उनको उनके पहिले के अन्तिम स्टेशन से आगे बढ़ाया गया है अथवा वर्तमान गाड़ियों की गति बढ़ाई गई है ?

**रेल मंत्री (प्रो० मधु दण्डवते) :** (क) जी हां । 1 अप्रैल, 1978 से ।

(ख) और (ग) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।



### विवरण

वे गाड़ियां जो, अप्रैल, 1978 से लागू की गयीं, समय सारणी में, गुजरात राज्य में चलायी गयीं/उनका चालन क्षेत्र बढ़ाया गया/जिनकी रफ्तार बढ़ायी गयी ।

**(i) चलाई गई गाड़ियां**

(1) मद्रास - अहमदाबाद नवजीवन एक्सप्रेस (साप्ताहिक)

(2) अहमदाबाद-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस

(3) भावनगर-सीहोर यात्री गाड़ी

(4) पालनपुर-डीसा यात्री गाड़ी

**(ii) जिन गाडियों का चालन क्षेत्र बढ़ाया गया**

(1) 52/51 अहमदाबाद - बेचराजी यात्री गाड़ी को रणुज से/तक

(2) 311/312 राजूला सिटी—राजूला जंकशन मिली-जुली गाड़ियां महुआ से/तक (सप्ताह में तीन दिन)

**(iii) फेरों में वृद्धि**

(1) 133/134 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस को सप्ताह में दो बार की बजाय सप्ताह में तीन बार चलाना ।

(iv) गाड़ियों के चालन समय में (15 मिनट से अधिक) कमी करके उनकी रफ्तार बढ़ायी गयी ।

| | चालन समय में जितनी कमी की गयी |
|---|---|
| | मिनट |
| (1) 21 भावनगर-अहमदाबाद मेल . . | 20 |
| (2) 13 बम्बई-बलसाड एक्सप्रेस | 45 |
| (3) 14 बलसाड-बम्बई एक्सप्रेस | 17 |

**श्री धर्म सिंह भाई पटेल** : माननीय रेल मंत्री श्री मधु दण्डवते जी ने इसी सदन में दो-तीन दफा कहा है कि पोरबंदर-भावनगर-अहमदाबाद की एक नई रेल गाड़ी चालू करने के लिए विचार किया जा रहा है। तो मैं माननीय रेल मंत्री जी से स्पष्ट जानना चाहता हूं कि पोरबंदर-भावनगर, अहमदाबाद की यह नई रेल गाडी कब से चालू की जाएगी और जब यह गाड़ी पोरबंदर से शुरू होगी और अहमदाबाद तक जायेगी तो मेरी प्रार्थना हैं कि पोरबन्दर राष्ट्रपिता पूज्य महात्मा गांधी जी की जन्मभूमि है और अहमदाबाद महात्मा जी की कर्मभूमि है, क्या इस बात को ध्यान में रखते हुए इस नई शुरू होने वाली पोरबंदर-अहमदाबाद रेलगाड़ी के साथ राष्ट्रपिता पूज्य महात्मा गांधी जी का नाम जोड़ा जाएगा ?

**प्रो० मधु दण्डवते** : अध्यक्ष महोदय, जब मैं इस सदन में आश्वासन देता हूं तो हमेशा पूरा करता हूं। मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि भावनगर-पोरबदर, अहमदाबाद गाड़ी जून में शुरू होने वाली है। जहां तक नाम के बारे में माननीय सदस्य का सुझाव है, इसको ध्यान में रखा जाएगा ।

**श्री धर्म सिंह भाई पटेल** : अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने बताया है कि 1-4-78 से देश में 42 नई रेलगाड़ियां चालू की गयी हैं, 27 रेलगाड़ियों का चालन क्षेत्र बढ़ाया गया है और 78 गाड़ियों की गति भी बढ़ायी गयी है। हमारे सौराष्ट्र क्षेत्र में 1973-74 में पोरबंदर से जेनलसर तक की एक रेलगाड़ी और शापुर सोरठ से सराडीपा तक की दूसरी रेलगाड़ी बन्द कर दी गयी थी। इन गाड़ियों को चालू करने के बारे में सौराष्ट्र के व्यापार केन्द्रों ने भी मांग की है। ये गाड़ियां कब से चालू हो जाएंगी ?

**प्रो० मधु दण्डवते** : श्रीमन्, सौराष्ट्र गुजरात का एक इलाका है। मैं खुशी के साथ कहना चाहता हूं कि सारे देश में 42 गाड़ियां हम लोगों ने शुरू की हैं उनमें से चार गुजरात में हैं, 27 गाड़ियों का चालन क्षेत्र बढ़ाया है उनमें से दो गुजरात में हैं, 78 गाड़ियों के चालन का समय बीस मिनट से ज्यादा कम कर दिया है और, उनमें से तीन गुजरात में हैं।

MR. SPEAKER: You have been partial to Gujarat.

PROF. MADHU DANDAVATE: Because I am giving figures only about Gujarat. If I give figures about Karnataka, you will find I am not partial to Gujarat but I am equally partial to Karnataka.

SHRI A. SUNNA SAHIB: I would like to know whether there is a proposal to extend Kovai Express which starts from Coimbatore to Olavakot?

PROF. MADHU DANDAVATE: The specific suggestion made by the hon'ble Member is already on our books. We are considering that and

in due course of time will try to find if the extension can be made.

SHRI VINODBHAI B. SHETH: It is very nice of the hon'ble Minister to assure for consideration the extension of train as the message of Mahatma Gandhi from Porbander to Delhi is very necessary. Will he start first the the message of Lord Krishna is also very necessary. Will he strat first the train from Dwarka to Delhi?

PROF. MADHU DANDAVATE: If we relate every train to the imperative need of spreading the message of Mahatma Gandhi, I feel the message of Mahatma Gandhi must be sent all around the World. In that case we will have to undertake international construction of routes. Even then it is a suggestion for action and we will keep it in mind.

**Alleged Malpractices adopted by TISCO**

***1029. SHRI A. K. ROY: Will the Minister of LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:**

**(a) whether the Government are aware of the malpractices adopted by the TISCO group of collieries in Bihar in violation of Restricted Trade Practices Act;**

**(b) whether employing contractors by restricted tenders of even without it fall under the purview of restricted trade practices;**

**(c) whether it is a fact that all the contractors operating in TISCO group of collieries in Bihar are but permutations and combination of 3 main business families connected with the Tata house only to evade provision of Income Tax Act;**

**(d) whether it is a fact that High officials and Directors of TISCO are also partners in these contracts; and**

**(e) whether Government propose to make a thorough probe into the affair of TISCO group of collieries where a major portion of Government money is operating?**

THE MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI SHANTI BHUSHAN): (a) to (e). When the employer is a Company, it is at liberty to get its work done by any person of its choice. *Prima facie,* it appears to be difficult to bring home a charge of restrictive trade practice on the facts and circumstances of this case. In any case, no complaint regarding contractors employed by TISCO or involvement of officials and directors in the contracts concluded by TISCO has come to the notice of the Government. If detailed information regarding the alleged malpractices is furnished to the Government, it would facilitate a proper investigation into the matter.

SHRI A. K. ROY: Mr. Speaker, Sir, the Tata House would be immensely glad for the liberty extended to them by the hon'ble Minister. I would like to bring it to the notice of the Minister that there are four collieries running under the Tata House in Bihar, namely, Tata Shizwa, Malkaira, Zamadoba and West Bokaro. Government of India was pleased to run it as captive colliery to their industry. I would like to know whether this colliery instead of following the norms now have become a major shelter of all the wrong-doers of coal-field as they are having captive collieries, they are having captive contractors. The very same management is running the same collieries and the same management is in an indirect way running the same contract system. I would like to know whether this captive contractor system—the Minister has said that it is a private company and we cannot do anything—under the restrictive tender is permissible as TISCO have greater share of public money than the share of the Tatas. I would like